## महत्वपूर्ण एवं खास

### गया एवं एलटीटी के मध्य सुपरफास्ट एक्सप्रेस की सुविधा 23 से

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेल यात्रियो को गया एवं एलटीटी के मध्य नई ट्रेन की सुविधा**

**रायपुर (आरएनएस)।** रेल यात्रियों की सुविधा एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा गया एवं एलटीटी के बीच 22357/22358 गया-एलटीटी-गया सुपरफास्ट एक्सप्रेस नई ट्रेन की सुविधा प्रदान की जा रही है। यह सुपरफास्ट ट्रेन गया से 22358 गया-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के नंबर से एवं एलटीटी 22357 एलटीटी-गया सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के नंबर से चलेगी । यह सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन गया से प्रत्येक बुधवार को 23 अक्टूबर, 2024 से एवं इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी एलटीटी से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 से चलेगी । इस गाड़ी में एसी प्रथम-01, 02 एसी/एसी-2, एसी/एसी 3-3, स्लीपर-09, सेकंड सिटिंग कोच- 6 तथा एसएलआर-2 सहित कुल 22 कोच के संरचना के साथ चलेगी।

### एनएच-130 पर देखा गया छोटू हाथी

**गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)।** पिछले कई दिनों से गरियाबंद वन मंडल में तीन दंतैल हाथियों के दल का विचरण जारी है। वन परिक्षेत्र फिंगेश्वर, पांडुका से होते हुये अब इनकी उपस्थिति पिछले दो तीन दिनों से जिला मुख्यालय के करीब देखी जा रही है। वन विभाग के अनुसार चंदा हाथियों के दल में से एक छोटू हाथी रविवार शाम के करीब रायपुर – गरियाबंद रोड एनएच 130 सी पर देखा गया। रोड पर हाथी की उपस्थिति से आवागमन अवरुद्ध हो गया था। मौके पर वन विभाग की टीम लोगों को सचेत व सावधान करती नजर आयी। हाथी मित्र दल भी लगातार हाथियों के झुंड पर नजर बनायें हुये है, साथ ही हाथी विचरण क्षेत्रों के आस-पास गाँवो में मुनादी कर ग्रामीणों को सचेत किया जा रहा है।

### सक्षम योजना के तहत विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा एवं 35 वर्ष से अधिक की अविवाहित महिलाओं तथा तृतीय लिंग से मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ महिला कोष अंतर्गत सक्षम योजना के तहत् ऋण लेने हेतु इच्छुक महिलाएं (विधवा/परित्यागता/तलाकशुदा तथा अविवाहित महिला जिनकी उम्र 35 वर्ष से अधिक हो) तथा तृतीय लिंग कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना में आवेदन जमा कर सकते हैं। इस योजनान्तर्गत 40 हजार रुपये के गुणांक में अधिकतम राशि 4 लाख रुपये तक ऋण 3 प्रतिशत वार्षिक व्याज पर स्वीकृत किया जा सकता है। उक्त आवेदन 21 अक्टूबर 2024 तक संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में जमा किया जा सकता है। विस्तृत जानकारी हेतु महिला एवं बाल विकास में जिला कार्यालय, परियोजना कार्यालय तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों से संपर्क किया जा सकता है।

### हितग्राही 31 अक्टूबर तक ईकेवाईसी कर करा सकते हैं राशनकार्ड नवीनीकरण

**राशन कार्ड नवीनीकरण अभियान 2024 : बाढ़ हो या सूखा, कोई न रहे भूखा**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** "बाढ़ हो या सूखा, कोई छत्तीसगढ़वासी न रहे भूखा" को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़वासियों की सुविधा के लिए और अब तक शेष बचे हितग्राहियों के लाभ के लिए राशन कार्ड नवीनीकरण कराने के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक का अवसर प्रदान किया है। राशन कार्ड का चालू हालत में होना बहुत जरुरी कार्य है। इस कार्ड की आवश्यकता राशन के अलावा केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं के लाभ के लिए एक प्रमुख दस्तावेज है। इन योजनाओं में राशन, आवास, इलाज, छात्रवृत्ति, शिक्षा, लोन आदि शामिल हैं। प्रत्येक परिवार का राशन कार्ड नवीनीकरण कराना नितांत आवश्यक कार्य है। वन नेशन वन कार्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही परिवार के सभी सदस्यों के आधारकार्ड और अंगूठे का ईकेवाईसी करना अनिवार्य है। इसमें परिवार के सदस्य छत्तीसगढ़ के अलग अलग स्थानों में निवास कर रहे हैं तो वे सदस्य अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपना ईकेवाईसी कर राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य पूरा कर सकते हैं।




**लैलूंगा में उरांव समाज के करमा महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

# लैलूंगा में सामाजिक भवन, स्टेडियम जीर्णोद्धार एवं बास्केबाल कोर्ट निर्माण के लिए एक करोड़ 9 लाख रूपए की घोषणा

- पुरखों के दिखाए राह का अनुसरण हमारी जिम्मेदारी : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय
- खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति के बंद प्रोजेक्ट काम फिर से शुरू होगा

**रायगढ़**





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लैलूंगा में उरांव समाज द्वारा आयोजित करमा महोत्सव में कहा कि यह उत्सव ग्रामीण और वनांचल क्षेत्र में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। क्षेत्र में कई प्रकार के करमा का आयोजन होता है। हमें हमारे पुरखों द्वारा दिखाए गए राह पर चलना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें अपनी संस्कृति को साथ लेकर चलना है, जिससे आने वाली पीढ़ी हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित हो सके। करमा महोत्सव में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल विशेष रूप से मौजूद थे।

मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर लैलूंगा में सामाजिक भवन के निर्माण के लिए 49 लाख रूपए, लैलूंगा में स्टेडियम जीर्णोद्धार के लिए 40 लाख रूपए, बास्केटबाल कोर्ट निर्माण के लिए 20 लाख रूपए की घोषणा की और खम्हार पाकुट बांध से लैलूंगा में जलापूर्ति प्रोजेक्ट के निर्माण काम को शुरू कराए जाने की बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गहिरा गुरु की जन्मस्थली और कर्मस्थली में उरांव समाज द्वारा करमा महोत्सव के आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि उरांव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को तेजी से पूरा कर रही है। सरकार गठन के पश्चात 18 लाख पीएम आवास निर्माण को मंजूरी दी गई। केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में 8 लाख 46 हजार आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। हितग्राहियों के मकान बनने शुरू हो गए हैं। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी गई है। 12 लाख से ज्यादा किसानों के 2 साल के बकाया बोनस जारी किया गया है। तेंदूपत्ता की कीमत 4 हजार से बढ़ा कर 5500 रूपए कर दिया गया है। महतारी वंदन योजना का लाभ 70 लाख से अधिक महिलाओं को मिल रहा है। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशा के अनुरूप हमारी सरकार जनजाति समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति की दूर दराज की बसाहटों तक सड़क, बिजली-पानी की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। बीते 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया है। जिसमें 80 हजार करोड़ की राशि से देश के आदिवासी समुदाय के उत्थान का काम होगा। छत्तीसगढ़ के गांव भी इससे जुड़ेंगे।

इस अवसर पर सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बैकुंठपुर भैया लाल रजवाड़े, विधायक लैलूंगा विद्यावती सिदार, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, उरांव समाज से पनतराम भगत, रवि भगत सहित बड़ी संख्या में उरांव समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मांदर की थाप पर झूमे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लैलूंगा में कर्मा महोत्सव में भाग लेने पहुंचे तो उनकी अगवानी के लिए करमा नृत्य करने वाले कलाकारों का दल अपनी प्रस्तुति कर रहा था। मांदर की थाप पर सुंदर लोकगीत गाये जा रहे थे। लोक संस्कृति में रचे-बसे मुख्यमंत्री इसका आकर्षण नहीं छोड़ सके। उन्होंने मांदर थाम लिया और मांदर की थाप पर झूमते हुए आगे बढ़े। उनके साथ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी मांदर थामा। इस अवसर पर सांसद रायगढ़ लोकसभा राधेश्याम राठिया, सांसद राज्यसभा देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बैकुंठपुर भैयालाल रजवाड़े भी मौजूद रहे।

## घने कोहरे के कारण छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस कई तारीखों को रहेगी रद्द

**बिलासपुर-रायपुर । आरएनएस**



उत्तर पूर्व रेलवे के द्वारा 15159/15160 छपरा-दुर्गछपरा सारनाथ एक्सप्रेस को घने कोहरे को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा दिनांक 02 दिसम्बर, 2024 से 27 फरवरी, 2025 के बीच कुछ तिथियो में इस गाड़ी को कोहरे के अग्रिम आशंका के कारण यह गाड़ी नहीं चलेगी, जो कि इस प्रकार है:-

**नहीं चलने वाली गाड़ी इस प्रकार है :-**

01.- 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को दिसम्बर माह में दिनांक 02, 04, 07, 09, 11, 14, 16, 18, 21, 23, 25, 28 एवं 30 दिसम्बर, 2024 को, जनवरी माह में 01, 04, 06, 08, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 जनवरी, 2025 को तथा फरवरी माह में 01, 03, 05, 08, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24 एवं 26 फरवरी, 2025 को यह गाड़ी नहीं चलेगी । - 15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस को दिसम्बर माह में दिनांक 03, 05, 08, 10, 12, 15, 17, 19, 22, 24, 26, 29 एवं 31 दिसम्बर, 2024 को, जनवरी माह में 02, 05, 07, 09, 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26, 28 एवं 30 जनवरी, 2025 को तथा फरवरी माह में 02, 04, 06, 09, 11, 13, 16, 18, 20, 23, 25 एवं 27 फरवरी, 2025 को यह गाड़ी नहीं चलेगी।

## ठंड से पहले छत्तीसगढ़ के कई जिलों में होगी बारिश

- मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश की चेतावनी की जारी

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में ठंड से पहले एक बार फिर से बारिश होने वाली है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दो से तीन दिन के भीतर मौसम बदल सकता है। कई जिलों में तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बरसात हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिकों ने जिन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है उनमें, सरगुजा, कोरबा, गौरेला, कबीरधाम, कोंडागांव, बस्तर, नारायणपुर, बीजापुर, सूकमा, मुंगेली, बिलासपुर, सरगुजा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, जशपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में गरज-चमक और आंधी के साथ बारिश हो सकती है।

रायपुर मौसम विभाग के मुताबिक, 11 अक्टूबर को दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी उत्तर छत्तीसगढ़ से प्रारंभ हो गई है। मानसून वापसी की रेखा दरभंगा, हजारीबाग, पेंर्ड रोड, नरसिंहपुर, खरगांव, नंदुरबार, नवसारी, से होकर गुजर रही है। आज प्रदेश के कई जिलों में आकाश आंशिक मेघमय रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 35 डीग्री सेल्सीयस औश्र 25 डीग्री सेन्सीयस रहने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में बारिश के आंकड़े राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1174.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 12 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2444.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 609.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

प्रदेश के रायपुर तथा सरगुजा संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक, जगदलपुर संभाग में अधिकतम तापमान सामान्य तथा शेष सभी संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य रहे। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 36.1 तापमान 36.1 सी एआरजी डोंगरगढ़ में तथा सबसे कम न्यूनतम 19.7 डीग्री सेल्सीयस, एडब्लयूएस नारायणपुर में दर्ज किया गया।

## शालाओं का माह में दो बार निरीक्षण कर अवलोकन पंजी में अनिवार्य रूप से टीप अंकित करें- संयुक्त संचालक आदित्य

- संकुल शैक्षिक समन्वयकों की हुई विभागीय समीक्षा बैठक

**रायगढ़**



संयुक्त संचालक शिक्षा आर.पी. आदित्य की अध्यक्षता में रायगढ़ जिले के सभी 250 संकुलों के शैक्षिक समन्वयकों की विभागीय समीक्षा बैठक सृजन सभा कक्ष में आयोजित की गई। आदित्य द्वारा सभी सीएसी को अपने संकुल के अधीन आने वाले समस्त शालाओं का माह में कम से कम दो बार अनिवार्यता अवलोकन करने एवं अवलोकन के दौरान सभी बिंदुओं को उल्लेख करते हुये कक्षवार बच्चों की गुणवत्ता जाँच कर टीप अनिवार्यता लिखने के निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता की भली-भांति जांच करने एवं गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक सहयोग करने के निर्देश दिए। इसी तरह विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर के सभी अधिकारियों को नियमित रूप से स्कूलों का नियमित रूप से निरीक्षण के अनुपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। शालाओ में अतिरिक्त पुस्तकों एवं गणवेश को विषयवार संकलित कर संकुल में सुरक्षित रखने के निर्देश दिये। जेडी ने लगातार एवं अनियमित रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों की जानकारी लेते हुये इन पर विधिसम्मत कार्यवाही करने के निर्देश दिये एवं प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजने को कहा। सभी शालाओ में नियमित रूप से साप्ताहिक, मासिक परीक्षा लेने और इनकी परिणामों की समीक्षा करने, प्रत्येक शिक्षक का डेली डायरी अनिवार्यता तैयार करने, सभी सीएसी को सीएसी डायरी तैयार कर प्रतिदिन का लेखा रखने के निर्देश दिये गये।

शिक्षा विभग के लंबित अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिये जिला स्तर पर आगामी 24 एवं 25 अक्टूबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कैम्प लगाकर निराकरण करने के निर्देश दिये। मीटिंग के दौरान अपार आई डी बनाने के लिये युडाइस पोर्टल पर सभी छात्रों का आधार से वेरिफिकेशन करने एवं जिन छात्रों का वेरिफिकेशन हो गया है उनका आज से अपार आई डी जनरेट करने एवं जिनका वेरिफिकेशन पूर्ण नही है, उनसे आधार कार्ड मंगाकर वेरिफिकेशन तत्काल पूर्ण करते हुये अपार आई डी जनरेट करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सहायक संचालक राय द्वारा विभागीय प्रकरणों को समय सीमा में निदान करने एवं स्कूलों का निरीक्षण लगातार करने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र चौधरी, जिला परियोजना अधिकारी देवेंद्र वर्मा, सहायक संचालक तरसिला एक्का, उत्कर्ष जिला नोडल एवं एपीसी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी आलोक स्वर्णकार, बीईओ रायगढ़ घनाराम जाटवर, पुसौर दिनेश पटेल, खरसिया शैलेश देवांगन, धरमजयगढ़ रवि सारथी, घरघोड़ा सुन्दरमणि कोंध, तमनार मोनिका गुप्ता, बीआरसी धरमजयगढ़ मनोज साहू, खरसिया प्रदीप साहू एवं रायगढ़ मनोज अग्रवाल उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी, किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल का मिलेगा समर्थन मूल्य

**रायपुर । आरएनएस**



छत्तीसगढ़ में किसानों के लिए धान खरीदी एक बड़े त्यौहार जैसा होता है, और इस साल भी राज्य सरकार ने 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारी कर ली है। खाद्य और कृषि विभाग के अनुसार, इस साल 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

धान खरीदी के लिए प्रदेशभर में 2058 कॉपरेटिव सोसाइटी और 2739 धान उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जिससे प्रक्रिया को तेज किया जा सके। किसानों को इस साल भी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य मिलेगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

सरकार ने धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं, जैसे बैठक व्यवस्था और पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो।

## रेंज आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने साइबर सुरक्षा गीत "जागरूक हो जाओ" को भव्य कार्यक्रम में किया लॉन्च

- जागरूक बनें, साइबर अपराध से बचें - पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला
- साइबर फ्रॉड से लड़ना हम सब की जिम्मेदारी- पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल

**रायगढ़**



ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में रायगढ़ पुलिस और हेल्पिंग हैंड क्लब फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से तैयार किए गए साइबर जागरूकता गीत "जागरूक हो जाओ" का विमोचन पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा किया गया। इस जागरूकता गीत को रायगढ़ के DIGI and reel film Production की क्रिएटिव टीम ने तैयार किया है।

पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार 5 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक साइबर जागरूकता पखवाड़ा 2024 के तहत किया जा रहा है जिसमें जिले के स्कूलों, कॉलेजों और औद्योगिक संस्थानों में लगातार साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य साइबर अपराधों से सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस अभियान में हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन सहित अन्य प्रमुख एनजीओ का भी विशेष योगदान रहा है।

आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के छात्रों और समाज के प्रतिनिधियों को विभिन्न प्रकार के समसामयिक साइबर फ्रॉड जैसे UPI फ्रॉड, ऑनलाइन शॉपिंग धोखाधड़ी, फेक नोटिस, फ्रॉड कॉल और ऑनलाइन लोन फ्रॉड की जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि 70% लोग जागरूक होने के बावजूद जल्दबाजी, लालच और लापरवाही के कारण साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के लिए व्यावहारिक उपायों और सुरक्षा को दिनचर्या में शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर अपराधों में वृद्धि हुई है। उन्होंने ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी प्रबंधन को केरल पुलिस की तर्ज पर साइबर फ्रॉड और साइबर अवेयरनेस के लिए विशेष कोर्स चलाने का सुझाव दिया, जिससे छात्रों को इसका लाभ मिले और वे समाज में जागरूकता फैला सकें। उन्होंने रायगढ़ पुलिस और सहयोगी संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की सराहना की और रायगढ़ पुलिस तथा जागरूकता पखवाड़ा से जुड़े एनजीओ को शुभकामनाएं दीं और साइबर जन जागरूकता पखवाडा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साइबर फ्रॉड से लड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें स्वयं जागरूक होना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना चाहिए।

ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. आरडी पाटीदार ने भी डॉ. शुक्ला के आह्वान पर यूनिवर्सिटी में साइबर अवेयरनेस कोर्स की शीघ्र शुरुआत करने का आश्वासन दिया और रायगढ़ पुलिस के साथ निरंतर सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम में हेल्पिंग हैंड क्लब ने आईजीपी डॉ. संजीव शुक्ला और एसपी दिव्यांग कुमार पटेल को मोमेंटो देकर साइबर क्राइम के प्रति सुरक्षित करने हेतु आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में कई समाज सेवी और संगठनों के प्रतिनिधि, अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें थाना प्रभारी पूंजीथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, प्रदेश कॉर्डिनेटर विन्नी सलूजा, चंद्रकांत पंजाबी (उम्मीद स्कूल फाऊंडेशन) साइबर जागरूकता रैप सॉन्ग तैयार करने वाले DIGI एंड फिल्म्स प्रोडक्शन के डायरेक्टर दीपांशु छड़ीमली और उनकी टीम, एनजीओ-लायंस क्लब रायगढ़ सिटी, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन, दिव्य शक्ति रायगढ़, लायंस क्लब रायगढ़ प्राइड, लायंस क्लब रायगढ़ दिव्य ऊर्जा, लायंस क्लब दिव्य ऊर्जा, रानी सती दादी सेवा समिति, लायंस क्लब रायगढ़ मिड टाऊन, जेसीआई रायगढ़ सिटी, अग्रवाल सेवा संघ, रोटरी क्लब खरसिया, दशहरा समिति खरसिया, NRVS इंडस्ट्रियल, बीएस स्पंज एंड पावर लिमिटेड, एनआर इस्पात के साथ रायगढ़ साइबर सेल का पूरा स्टाफ, थाना पूंजीपथरा स्टाफ मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.वी. वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480